APEX HOSPITALS
"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"

32 YEARS of Excellence in Services

APEX SAMWAD

Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network

Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow

वॉल्यूम 28, सितंबर 2026

Leadership in Digital Health Transformation Award







एपेक्स हॉस्पिटल्स को एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (AHPI) लीडरशिप अवॉर्ड्स 2026 में 'लीडरशिप इन डिजिटल हेल्थ ट्रांसफॉर्मेशन' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हेल्थकेयर सेवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के प्रभावी उपयोग के लिए प्रदान किया गया, जिसके माध्यम से मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाने, क्लिनिकल सेवाओं एवं अस्पताल की कार्यप्रणाली को मजबूत करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ एवं कनेक्टेड बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों को मान्यता मिली। यह उपलब्धि एपेक्स हॉस्पिटल्स में लोगों, तकनीक और प्रक्रियाओं को एक साथ जोड़कर अधिक डिजिटल और कनेक्टेड हेल्थकेयर सिस्टम तैयार करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है।

एपेक्स परिवार के लिए संदेश

प्रिय एपेक्स परिवार,
सितंबर महीने में एपेक्स हॉस्पिटल्स ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। एएचपीआई का लीडरशिप इन डिजिटल हेल्थ ट्रांसफॉर्मेशन अवॉर्ड, एपेक्स हॉस्पिटल्स ऐप के 1 लाख डाउनलोड, जटिल सर्जरी में मिली सफलताएं और नई चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत इस अंक की प्रमुख झलकियां हैं। साथ ही, स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक सेवाओं और कर्मचारी विकास से जुड़ी कई पहलें भी की गईं। ये सभी प्रयास बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने और एपेक्स को निरंतर आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।



धन्यवाद
डॉ. एस.बी.झंवर
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स

A Proud Milestone

एपेक्स हॉस्पिटल्स ऐप ने पूरे किए 1 लाख डाउनलोड का पड़ाव

1,00,000+ DOWNLOADS

59% ACTIVE ENGAGEMENT (nearly 2x the 30% industry benchmark)

5+ YEARS of continuous digital healthcare evolution



एपेक्स हॉस्पिटल्स ऐप ने 1,00,000 डाउनलोड का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया है। 1 अप्रैल 2021 को लॉन्च हुआ यह ऐप कोविड-19 महामारी के दौरान मरीजों तक घर से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया था। पहले वर्ष में 632 डाउनलोड से शुरू हुआ यह सफर आज 1,00,000 डाउनलोड तक पहुंच चुका है। ऐप का 59% ऐक्टिव-यूज़र रेट रहा, जो अन्य हॉस्पिटल ऐप्स के 30% बेंचमार्क से लगभग दोगुना है। पांच वर्षों से अधिक के सफर में ऐप लगातार विकसित हुआ है और मरीजों की रोजमर्रा की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल हेल्थकेयर सेवाओं का महत्वपूर्ण माध्यम बना है।

8 हॉस्पिटल्स | **32+ वर्षों का विश्वास** | **250+ अनुभवी डॉक्टर्स** | **1 करोड़+जीवन स्पर्श किए**

New Joining

एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. निहार भाटिया ने यूनिट हेड के रूप में जिम्मेदारी संभाली है। डॉ. भाटिया ने आईआईएचएमआर से 2023 में सेवा गुणवत्ता एवं मरीज संतुष्टि में पीएचडी और 2003 में अस्पताल प्रबंधन में मास्टर डिग्री की है। अस्पताल संचालन, प्रशासन और रणनीतिक प्रबंधन के क्षेत्र में डॉ. भाटिया को 23 वर्षों से अधिक का अनुभव है।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में डॉ. विकास वर्मा ने कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक्स के रूप में एपेक्स परिवार में जिम्मेदारी संभाली है। डॉ. वर्मा ने गीतांजलि मेडिकल कॉलेज, उदयपुर से एमबीबीएस और जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अजमेर से ऑर्थोपेडिक्स में एमएस किया है।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. विपिन कुमार चौधरी ने कंसल्टेंट, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के रूप में जिम्मेदारी संभाली है। डॉ. चौधरी ने 2014 में वडोदरा से एमबीबीएस, 2019 में जोधपुर से रेडियोडायग्नोसिस में एमडी और 2026 में दिल्ली से इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में फेलोशिप पूरी की है।

Innovation & Learning

एपेक्स SPARK के जरिए छात्रों को हेल्थकेयर चुनौतियों पर काम करने का अवसर



'Apex SPARK: Igniting Ideas to Impact' एपेक्स हॉस्पिटल्स की एक पहल है, जो विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्रों को वास्तविक हेल्थकेयर चुनौतियों पर काम करने का अवसर देती है। इसके तहत छात्र अपने शैक्षणिक ज्ञान के साथ डेटा एनालिसिस, AI टूल्स और रिसर्च का उपयोग करते हुए समस्याओं को समझते हैं, नए विचार विकसित करते हैं और संभावित समाधानों को प्रस्तुत करते हैं। यह पहल छात्रों को कक्षा से बाहर व्यावहारिक अनुभव और नई सोच विकसित करने का अवसर देती है। एपेक्स SPARK के पहले संस्करण का आयोजन एमएनआइटी जयपुर के सहयोग से किया गया, जिसमें छात्रों ने हेल्थकेयर से जुड़ी चुनौतियों पर काम कर अपने विचार और सीख प्रस्तुत की।

Surgical excellence

डॉ. संदीप गर्ग ने जटिल रिवर्स शोल्डर आर्थ्रोप्लास्टी से 70 वर्षीय मरीज को दर्द से दिलाई राहत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में वरिष्ठ जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. संदीप गर्ग ने 70 वर्षीय मरीज की जटिल रिवर्स शोल्डर आर्थ्रोप्लास्टी सफलतापूर्वक की। मरीज के कंधे में जटिल फ्रैक्चर था, जिसका ऑपरेशन एक वर्ष पहले दूसरे अस्पताल में हुआ था। इसके बावजूद फ्रैक्चर अस्थिर रहा और रोटेटर कफ मसल में चोट के कारण कंधे की मूवमेंट प्रभावित थी। मरीज को लगातार तेज दर्द रहता था और रोजमर्रा के काम करने में परेशानी हो रही थी। जांच के बाद डॉ. गर्ग ने रिवर्स शोल्डर आर्थ्रोप्लास्टी का निर्णय लिया। यह एडवांस सर्जरी भारत के चुनिंदा केंद्रों में की जाती है और एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में भी इस जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया गया। सर्जरी के बाद मरीज का दर्द पूरी तरह समाप्त हो गया और कंधे की मूवमेंट में सुधार हुआ। मरीज अब रोजमर्रा के काम आसानी से कर पा रहा है।

Leadership & Social Impact

डॉ. शैलेश झंवर को एक्यूमेन इंडिया फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया



एपेक्स हॉस्पिटल्स के निदेशक एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. शैलेश झंवर को एक्यूमेन इंडिया फेलोशिप से सम्मानित किया गया। एक्यूमेन एक वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है, जो गरीबी और असमानता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए काम करने वाले लीडर्स का सहयोग करती है। भारत में इस फेलोशिप अवार्ड के लिए करीब 20 लीडर्स का चयन किया गया। क्रिटिकल केयर होप के निदेशक के रूप में डॉ. शैलेश झंवर ने टेली-आईसीयू के माध्यम से देशभर में, विशेषकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में, क्रिटिकल केयर सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में कार्य किया। यह प्रयास एपेक्स हॉस्पिटल्स की नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता से भी जुड़ा रहा।

Critical care

एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में गंभीर टेटनस संक्रमण से पीड़ित से 21 वर्षीय मरीज का सफल उपचार



एपेक्स हॉस्पिटल, मानसरोवर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 21 वर्षीय मरीज का गंभीर टेटनस का सफल उपचार किया। मरीज करीब एक माह तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहा और निमोनिया व मेनिन्जाइटिस जैसी जटिलताओं का सामना किया। उपचार से मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. सैनी ने समय पर टेटनस का टीकाकरण और चोट लगने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की सलाह दी।

Honour

डॉ. सौरभ जैन को यूरोलॉजी के क्षेत्र में सम्मानित किया गया



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के डॉ. सौरभ जैन, एडिशनल डायरेक्टर, यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट, को यूरोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए महावीर इंटरनेशनल ग्रुप द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोबोटिक यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट पर पैनल डिस्कशन आयोजित हुआ, जिसमें रोबोटिक सर्जरी की नई तकनीकों, किडनी ट्रांसप्लांट के बदलते ट्रेंड और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

Rehabilitation Care

एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में फिजियोथेरेपी सेवाओं की शुरुआत



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में फिजियोथेरेपी सेवाओं की शुरुआत की गई। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अपूर्वा बिस्सा के चैम्बर का उद्घाटन महापौर अनिल कुचाल, डी.पी. पच्चीसिया एवं डॉ. तनवीर महालावत ने किया। इस अवसर पर फिजियोथेरेपी की बढ़ती आवश्यकता पर चर्चा हुई। डॉ. बिस्सा ने बताया कि फिजियोथेरेपी शरीर की प्राकृतिक क्षमता और ताकत को बेहतर बनाने में मदद करती है।

Medical Connect

RMP मीट के जरिए न्यूरोसर्जरी की नई तकनीकों पर चर्चा



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर द्वारा एलनाबाद, खड़िया और पीलीबंगा में RMP मीट आयोजित की गई। डॉ. ललित भारद्वाज, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी ने ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी, नई तकनीकों और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़ी जानकारी साझा की। इन कार्यक्रमों में 37 से अधिक RMPs ने भाग लिया।

Community Wellness

एपेक्स स्पर्श के तहत वृंदा गार्डन में 'डॉक्टर के साथ वॉक' का आयोजन



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर की एपेक्स स्पर्श पहल के तहत आशियाना वृंदा गार्डन सोसायटी में 'डॉक्टर के साथ वॉक' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सोसायटी के निवासियों ने पाचन स्वास्थ्य एवं गैस्ट्रो से जुड़ी समस्याओं पर विशेषज्ञ से चर्चा की। डॉ. मोहम्मद रेहान, कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, ने पाचन तंत्र से जुड़ी सामान्य समस्याओं, उनसे बचाव और स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

Growth

SJMDP का चौथा बैच सफलतापूर्वक पूरा हुआ, पांचवें बैच की शुरुआत



एपेक्स हॉस्पिटल्स का SJMDP (Six Months Management Development Program) का चौथा बैच सफलतापूर्वक पूरा हुआ। छह महीने के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एपेक्स हॉस्पिटल्स की विभिन्न यूनिट्स और विभागों से जुड़े प्रतिभागियों ने नेतृत्व, प्रबंधन, कम्युनिकेशन और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित किए।इसके साथ ही SJMDP के पांचवें बैच की शुरुआत हुई है, जिसमें 30 प्रतिभागी शामिल हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा SJMDP बैच है। नए बैच के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रबंधन और नेतृत्व से जुड़े कौशल विकसित करने के साथ अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर योगदान देने का अवसर मिलेगा।

Neurosurgical Excellence

एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल में गंभीर सिर की चोट का सफल सर्जिकल उपचार



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में 20 वर्षीय युवक को गंभीर सिर की चोट के बाद भर्ती किया गया। जांच में दोनों फ्रंटल बोन में फ्रैक्चर और मस्तिष्क के अंदर रक्तस्राव की आशंका सामने आई। न्यूरोसर्जन डॉ. निलेश नामा ने मरीज की स्थिति को देखते हुए आवश्यक न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया की। यह मामला गंभीर सिर की चोट में आपातकालीन सर्जिकल उपचार का था।

Emergency Preparedness

राजकीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए हॉस्पिटल ओरिएंटेशन एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में राजसमंद के राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के लिए हॉस्पिटल ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को अस्पताल की विभिन्न सेवाओं और कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। साथ ही, उन्हें सीपीआर (CPR) और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें आपात स्थिति में सही तरीके से प्रतिक्रिया देने के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी साझा की गई।

Employee Engagement

रक्षाबंधन के अवसर पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन



एपेक्स हॉस्पिटल्स में रक्षाबंधन के अवसर पर कर्मचारियों के लिए फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्षाबंधन से जुड़े अपने खूबसूरत पलों को तस्वीरों के माध्यम से साझा किया। प्रतियोगिता में कॉर्पोरेट ऑफिस, मालवीय नगर की मिस आलिया अहमद ने प्रथम, एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर की जयश्री गुप्ता ने द्वितीय और एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर की डॉ. निर्मला माहेश्वरी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

Agile

मरीजों की प्रेरणादायक कहानियों को साझा करने की नई पहल



एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर में मरीजों के अनुभवों को वीडियो के माध्यम से साझा करने की नई पहल शुरू की गई। आईसीयू विभाग के नर्सिंग टीएल श्री विनोद कुमार बैरवा ने इस पहल में रुचि दिखाते हुए मरीजों के अनुभवों के टेस्टिमोनियल वीडियो रिकॉर्ड किए। नई पहल को अपनाने और आगे बढ़ाने की यह सोच एपेक्स के मूल मूल्य 'Agile' को दर्शाती है और टीम के अन्य नर्सिंग सदस्यों को भी इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

Appreciation

एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर की शानदार हाउसकीपिंग टीम का सम्मान



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में हाउसकीपिंग टीम के योगदान और समर्पण को सराहते हुए उनका सम्मान किया गया। टीम के प्रयासों को महत्व देना और उनके योगदान की सराहना करना एपेक्स के मूल मूल्य 'Empathy' को दर्शाता है।

Surgical Excellence

डॉ. स्मिता सोनी ने लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन किया



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सोनी ने 50 वर्षीय महिला का लैप्रोस्कोपिक विधि से बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन किया। मरीज को करीब दो साल से पेट के निचले हिस्से में दर्द, बच्चेदानी में दर्द और ज्यादा पानी निकलने की शिकायत थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर बच्चेदानी में संक्रमण फैलने की जानकारी मिली, जिसके बाद लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी की सलाह दी गई। सर्जरी के 48 घंटे बाद मरीज को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस तकनीक से मरीजों को उपचार के साथ बेहतर रिकवरी का लाभ मिल सकता है।

Awareness

एसओएसएस (SOSS) के जरिए विद्यार्थियों तक ऑनलाइन स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर द्वारा विद्यार्थियों के लिए शुरू किए गए एसओएसएस (स्टूडेंट ऑनलाइन स्वास्थ्य सुविधा) कार्यक्रम के तहत आईसीजी कॉलेज, मानसरोवर में एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को एसओएसएस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई तथा एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा छात्रों के लिए उपलब्ध विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं और ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं से परिचित कराया गया।

Corporate Wellness

मिराज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर द्वारा मिराज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज में कॉर्पोरेट हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान ग्रुप के लगभग 100 प्रशासनिक कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के साथ उन्हें नियमित हेल्थ चेकअप के महत्व और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जानकारी भी दी गई। यह पहल कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रयास रही।

Learning & Development

एपेक्स हॉस्पिटल्स में फिजिशियन असिस्टेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत



एपेक्स हॉस्पिटल्स में 12 माह के फिजिशियन असिस्टेंट प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विभिन्न यूनिट्स से कुल 10 प्रतिभागी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को अस्पताल संचालन, मरीजों की सुरक्षा और क्लिनिकल सपोर्ट से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाएगा। छह माह के प्रशिक्षण के बाद फिजिशियन असिस्टेंट और 12 माह के बाद क्लिनिकल असिस्टेंट के रूप में सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

Community Outreach

खाजूवाला में डॉ. रवि खुराना की ऑर्थोपेडिक्स ओपीडी शुरू



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर के डॉ. रवि खुराना (कंसल्टेंट- ऑर्थोपेडिक्स) की खाजूवाला में ओपीडी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर खाजूवाला प्रधान ने डॉ. रवि खुराना को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, पिछले चार वर्षों से एपेक्स हॉस्पिटल के साथ निरंतर सहयोग करने वाले सहयोगियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एपेक्स हॉस्पिटल ने सहयोग और निरंतर समर्थन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

Medical Connect

एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में 30 RMPs के साथ इन-हाउस मीटिंग



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में 30 RMPs के साथ इन-हाउस RMP मीटिंग आयोजित की गई। सत्र में डॉ. अरुण कालरा, डॉ. मेजर पुलकित ठठाई, डॉ. मुदित शर्मा और डॉ. संदीप सिहाग ने CBC रीडिंग तथा क्रिटिकल केयर में ऑर्थो और न्यूरो अप्रोच से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके बाद BLS प्रशिक्षण भी दिया गया। पूरा सत्र इंटरैक्टिव रहा, जिससे एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल और श्रीगंगानगर के RMPs के बीच बेहतर संवाद और जुड़ाव को बढ़ावा मिला।

Best Unit Award September 2026



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर
(पिंक क्लस्टर)



एपेक्स गोयल हॉस्पिटल्स, लखनऊ
(ग्रीन क्लस्टर)

Employee Corner

मैंने 2014 में एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में पीसीएस एग्जीक्यूटिव के रूप में अपनी यात्रा शुरू की। 2017 में एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर में काम करते हुए मुझे डॉक्टरों के साथ समन्वय, मार्केटिंग और मरीजों की देखभाल जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने और सीखने का अवसर मिला। इस दौरान मैंने माँ योजना, आरजीएचएस, सीजीएचएस और टीपीए से जुड़े कामों में अपनी विशेषज्ञता विकसित की। एपेक्स में इतने वर्षों के सफर के दौरान मुझे अलग-अलग टीमों के साथ काम करने, नई जिम्मेदारियां संभालने और अपने कौशल को लगातार बेहतर करने का अवसर मिला। हर नई जिम्मेदारी ने मुझे कुछ नया सीखने और अपने काम को बेहतर तरीके से करने की प्रेरणा दी। आज पीसीएस हेड के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मुझे अपने इस सफर पर गर्व है।



गौरव कौशिक
पीसीएस एग्जीक्यूटिव
एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए